भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 325**
20 जुलाई, 2022 के उत्तरार्थ

## आंध्रप्रदेश में कृषि ऋण समितियां

325 **श्री वि. विजयसाई रेड्डी:**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कृषि ऋण समितियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय देश में कृषि ऋण समितियों को कंप्यूटरीकृत करने की योजना बना रहा है; और

(ग) यदि हां, तो आंध्र प्रदेश में कंप्यूटरीकृत की जाने वाली कृषि ऋण समितियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) नैफ्सकॉब (NAFSCOB) द्वारा वर्ष 2019-2020 में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, देश में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का राज्यवार विवरण अनुबंध-I में संलग्न है।

(ख) जी हां, मान्यवर । सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) के कम्प्यूटरीकरण को मंजूरी दी है,जिसका उद्देश्यहै: पैक्स(PACS)की दक्षता बढ़ाना,उनके संचालन में पारदर्शिता और जवाब देही लाना,पैक्स(PACS)के व्यवसाय में विविधता लाना और कई गतिविधियों / सेवाओं को शुरू करने की सुविधा प्रदान करना। इस परियोजना में 5 वर्षों की अवधि में पूरे देश में लगभग 63,000 कार्यात्मक पैक्स के कम्प्यूटरीकरण का प्रस्ताव है।

(ग) नैफ्सकॉब(NAFSCOB) द्वारा वर्ष 2019-2020 के लिए प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, आंध्र प्रदेश राज्य में 1992 PACS हैं। नाबार्ड ने आंध्र प्रदेश राज्य में अब तक 1922 पैक्सों का सर्वेक्षण किया है। हालांकि, कम्प्यूटरीकृत किए जाने वाले पैक्सों की संख्या राज्य सेपरामर्श के बाद तय की जाएगी।

*****

**अनुबंध-I**

## पैक्स का राज्य-वार आंकड़ा

| | NAFSCOB द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार पैक्स का आंकड़ा- वर्ष 2019-20 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों का नाम | पैक्स की कुल सं. | व्यवहार्य | संभावी व्यवहार्य | सुशुप्त | निष्क्रिय | अन्य |
| 1. अंडमान और निकोबार | **58** | 41 | 12 | 3 | 2 | 0 |
| 2. आंध्र प्रदेश | **1992** | 1498 | 330 | 28 | 3 | 133 |
| 3. अरूणाचल प्रदेश | **34** | 20 | 5 | 4 | 5 | 0 |
| 4. असम | **766** | 709 | 57 | 0 | 0 | 0 |
| 5. बिहार | **8463** | 8463 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6. चंडीगढ़ | **17** | 13 | 0 | 0 | 4 | 0 |
| 7. छत्तीसगढ़ | **1617** | 1178 | 439 | 0 | 0 | 0 |
| 8. दिल्ली | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9. गोवा | **78** | 69 | 4 | 4 | 1 | 0 |
| 10. गुजरात | **8823** | 5449 | 2480 | 430 | 300 | 164 |
| 11. हरियाणा | **769** | 657 | 73 | 26 | 0 | 13 |
| 12. हिमाचल प्रदेश | **2175** | 512 | 1528 | 46 | 53 | 36 |
| 13. जम्मू और कश्मीर | **620** | 458 | 48 | 12 | 91 | 11 |
| 14. झारखंड | **0** | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | 0 |
| 15. कर्नाटक | **5481** | 3920 | 1016 | 285 | 46 | 214 |
| 16. केरल | **1643** | 1643 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17. मध्य प्रदेश | **4457** | 3663 | 720 | 4 | 0 | 70 |
| 18. महाराष्ट्र | **20151** | 15419 | 4664 | 54 | 14 | 0 |
| 19. मणिपुर | **261** | 122 | 71 | 23 | 45 | 0 |
| 20. मेघालय | **179** | 116 | 55 | 8 | 0 | 0 |
| 21. मिज़ोरम | **153** | 29 | 40 | 0 | 0 | 84 |
| 22. नागालैंड | **1719** | 457 | 228 | 655 | 379 | 0 |
| 23. ओडिशा | **2701** | 1721 | 604 | 10 | 1 | 365 |
| 24. पुड्डुचेरी | **53** | 15 | 38 | 0 | 0 | 0 |
| 25. पंजाब | **3922** | 3519 | 53 | 181 | 122 | 47 |
| 26. राजस्थान | **6569** | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | 6569 |
| 27. सिक्किम | **176** | 136 | 40 | 0 | 0 | 0 |
| 28. तमिल नाडु | **4525** | 2618 | 1263 | 149 | 11 | 484 |
| 29. तेलंगाना | **799** | 744 | 54 | 1 | 0 | 0 |
| 30. त्रिपुरा | **268** | 268 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31. उत्तर प्रदेश | **8929** | 7115 | 1269 | 382 | 163 | 0 |
| 32. उत्तराखंड | **706** | 589 | 45 | 4 | 5 | 63 |
| 33. पश्चिम बंगाल | **7405** | **3948** | **2248** | **574** | **410** | **225** |
| संपूर्ण भारत में कुल संख्या : | **95509** | **65109** | **17384** | **2883** | **1655** | **8478** |

****